# महिला का शव हाईवे पर रखकर किया चक्का जाम

## महिला की मौत पर नगर में हुआ बवाल, आरोपी के घर बुल्डोजर चलाने की मांग

**शाजापुर, 18 मई. जिले के सलसलाई थाना क्षेत्र में मारपीट के बाद एक महिला की मौत के बाद सोमवार को बजरंग दल व विहिप के कार्यकर्ताओं ने दोपहर 3 बजे जिला मुख्यालय के ट्रैफिक पॉइंट पर शव रखकर एबी रोड हाईवे जाम कर दिया. आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने व उसके घर पर बुल्डोजर चलाने की मांग की.**



यह घटना 15 मई की रात की है जब अनीताबाई मालवीय लसूडिया मेहा जोड़ पर गंभीर घायल अवस्था में मिली थीं.महिला के बेटे रोहित मालवीय ने पुलिस को बताया कि आरोपी इब्राहिम खान ने उसकी मां पर डंडे से हमला कर उन्हें सड़क पर पटक दिया था. गंभीर रूप से घायल महिला ने देवास के अमलतास अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया. विहिप विभाग मंत्री राजेश ने आरोप लगाया कि यह मामला लव जिहाद से जुड़ा है और जिले में ऐसी घटनाएं बढ़ रही हैं. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने आरोपियों के अवैध निर्माण पर बुलडोजर कार्रवाई नहीं की तो यह आंदोलन पूरे प्रदेश में उग्र रूप लेगा.

**यह था मामला...**

बताया जा रहा है कि ग्राम सकरई निवासी अनीताबाई मालवीय 15 मई की रात करीब 9 बजे सारंगपुर-अकोदिया रोड से गुजर रही थीं. इसी दौरान लसुल्डिया मेहा जोड़ के पास ग्राम मुडलाय निवासी इब्राहिम खां ने उन्हें रोका और डंडे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया. आरोपी इब्राहिम खां ने अनीताबाई को जान से मारने की नीयत से पीटा और पक्की सड़क पर पटक दिया. इस हमले में महिला के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ीं. वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया. घटना के तुरंत बाद परिजनों ने घायल महिला को इलाज के लिए देवास के अमलतास अस्पताल में भर्ती कराया. उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी और रविवार रात को महिला की मौत हो गई. परिजनों की शिकायत और देहाती नालसी के आधार पर सलसलाई थाना पुलिस ने 17 मई की रात को आरोपी इब्राहिम के खिलाफ अपराध कायम किया.

### आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने बढ़ाई धाराएं...

एसपी यशपाल सिंह राजपूत ने बताया कि आरोपी इब्राहिम खान को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है. इस मामले में पहले भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 109 और एससी एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था. महिला की मौत के बाद अब पुलिस मामले में हत्या से संबंधित अन्य धाराएं जोड़ने की कार्रवाई कर रही है.

### हाईवे पर लगी वाहनों की लंबी कतार...

आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और उसके घर पर बुल्डोजर चलाने की मांग को लेकर विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा हाईवे पर चक्काजाम किया गया. जिसके कारण हाईवे के दोनो ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई. हालांकि मौके पर एएसपी सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे, लेकिन प्रदर्शनकारी किसी की बात सुनने को तैयार नहीं थे. वे अपनी मांग पर अड़े हुए थे. जिन्हें संभालने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय, एसडीएम मनीषा वास्कले और तहसीलदार सहित कई थानों का पुलिस बल तैनात रहा. अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को उचित वैधानिक कार्रवाई का आश्वासन दिया तब प्रदर्शनकारी माने धरना समाप्त किया.

## एक नजर में

### फिर उसी नाले में गिरी गाय, जहां गौरक्षा सेना कई बार कर चुकी रेस्क्यू



**शाजापुर, 18 मई.** नगर के विजयनगर स्थित खुले व गहरे नाले में सोमवार को फिर एक गाय गिरकर घायल हो गई, जिसे गौरक्षा सेना ने रेस्क्यू कर बाहर निकाला. यह वही स्थान है जहां पहले भी कई बार गायें गिरकर घायल हो चुकी है० जिसकी शिकायत भी पार्षद व अधिकारियों को की जा चुकी है लेकिन उसके बाद भी लगातार हादसे हो रहे हैं. गौरक्षा सेना को सोमवार सुबह 8 बजे सूचना मिली कि विजय नगर स्थित हनुमान मंदिर के पास खुले नाले में गाय गिर गई है. इस पर सेना के सदस्य तुरंत रस्सियों और आवश्यक संसाधनों के साथ मौके पर पहुंचे. गौरक्षकों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए मात्र 10 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद गाय को गौरक्षक धर्मेंद्र शर्मा, अक्षय गुर्जर, हर्षित परमार, चंद्रशेखर जाटव और यश चौहान ने नाले से सुरक्षित बाहर निकाल लिया. गौरक्षा सेना के सदस्यों ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है. इसी स्थान पर अब तक लगभग 10 बार गायों और नंदी महाराज को नाले से रेस्क्यू किया जा चुका है. बार बार हो रही इन घटनाओं से गोवंश के चोटिल होने का खतरा बना रहता है. गौरक्षकों का कहना है कि उन्होंने पूर्व में भी संबंधित पार्षद और नगर पालिका प्रशासन से इस नाले की ओर जाने वाले रास्ते को बंद करने का आग्रह किया था. रास्ता खुला होने के कारण आए दिन मवेशी इसमें गिर रहे हैंए लेकिन अब तक कोई ठोस सुरक्षा उपाय नहीं किए गए हैं.

### हाईवे पर पलटा तेज गति से दौड़ रहा ट्रक, दबने से हुई क्लीनर की मौत



**शाजापुर, 18 मई.** नेशनल हाईवे 52 पर सोमवार दोपहर करीब 12 बजे एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया. इस हादसे में ट्रक के नीचे दबने से कंडक्टर अंकित की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक अशोक सुरक्षित बच गया। यह घटना गिरवर रोड के समीप हुई. सूचना मिलते ही लालघाटी थाना पुलिस और यातायात थाना पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने क्रेन की सहायता से पलटे हुए ट्रक को हटाया और उसके नीचे दबे दोनों व्यक्तियों को बाहर निकाला. बताया जाता है कि ट्रक महाराष्ट्र के नासिक से राजगढ़ जिले के ब्यावरा की ओर शक्कर की बोरियां लेकर जा रहा था. गिरवर रोड के पास ट्रक के अनियंत्रित होकर पलटने का मुख्य कारण ओवरस्पीड बताया जा रहा है. मृतक कंडक्टर अंकित के शव को पोस्टमार्टम के लिए शाजापुर जिला अस्पताल लाया गया. अस्पताल पुलिस चौकी पर पदस्थ एएसआई बाबूलाल डाबी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा.

### 4 स्थायी वारंटी एवं 12 गिरफ्तारी वारंट तामिल



**मोहन बड़ोदिया, 18 मई.** शाजापुर पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में 17-18 मई की मध्यरात्रि जिलेभर में व्यापक कॉम्बिंग गश्त अभियान संचालित किया गया. जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना स्तर के पुलिसकर्मी इस गश्त में शामिल हुए. अभियान के दौरान मोहन बड़ोदिया पुलिस ने 4 स्थायी वारंटी एवं 12 गिरफ्तारी वारंट तामिल की. साथ ही 5 गुण्डा एवं 12 निगरानी बदमाशों की चैकिंग की गई. 1 प्रकरण आबकारी एक्ट में दर्ज किया गया. वहीं मोहन बड़ोदिया सहित आसपास के बैंक, एटीएम व संवेदनशील स्थलों पर सतर्कता बढ़ाई गई. गश्त के दौरान मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी अरविंद सिंह तोमर सहित थाने से पुलिस टीमों ने सक्रिय बदमाशों, जेल से रिहा अपराधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों के ठिकानों पर पहुंचकर उनकी गतिविधियों की जानकारी ली और उन्हें चेतावनी दी कि किसी भी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी. अभियान के अंतर्गत गुंडा, हिस्ट्रीशीटर रिकॉर्ड को अद्यतन कर सतत निगरानी की कार्यवाही भी सुनिश्चित की गई.

### बाबा जटाशंकर पर अभिषेक किया



**शुजालपुर, 18 मई.** शहर में प्रतिदिन धार्मिक भजनों की प्रस्तुति देने वाली धार्मिक संस्था गणेश रामधुन यात्रा समिति के सदस्यों ने सोमवार को जटाशंकर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान का अभिषेक किया. समिति के सदस्यों ने प्रतिदिन अनुसार शहर के प्रमुख मार्गों से प्रभात फैरी निकालते हुए भजनों की प्रस्तुति दी. यात्रा में शामिल श्रद्धालु गणेश मंदिर मंडी से पैदल भजनों की प्रस्तुति देते हुए प्राचीन जटाशंकर महादेव मंदिर पहुंचे. जहां पर बाबा भोलेनाथ का जयघोष करते हुए श्रद्धालुओं ने जटाशंकर महादेव का जलाभिषेक किया. साथ ही यहां पर भजन प्रस्तुत करते हुए क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की गई. इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे. जानकारी बाबा जटाशंकर महादेव मंदिर सदस्य राजेन्द्र अग्रवाल ने दी.

# दोपहर से हुई दिन की शुरूआत, धूप से झुलसे नगरवासी

## सीजन का सर्वाधिक गर्म दिन रहा सोमवार, तापमान 45 के पार

**शाजापुर, 18 मई. सोमवार के दिन की शुरूआत सुबह से नहीं बल्कि दोपहर से हुई, आंख खुलते ही लोगों का सामना भीषण गर्मी से हुआ. क्योंकि इस दिन अधिकतम तापमान 45 डिग्री को पार कर गया. जिसका एहसास लोगों को सुबह 7 बजे से ही होने लगा था. मौसम विभाग की माने तो तापमान में आने वाले दिनो में तापमान में और भी उछाल आएगा.**

पश्चिमी विक्षोभ के चलते 5 से 7 मई को ही तापमान 37 से 39 डिग्री रहा था. इसके अलावा एक माह से अधिक समय से नगरवासी 40 डिग्री से अधिक तापमान की गर्मी का सामना कर रहे हैं. सोमवार को तो तापमान ने इस सीजन के सारे रिकार्ड तोड़ दिया. इस दिन अधिकतम तापमान 45 डिग्री दर्ज किया गया जो इस सीजन का सर्वाधिक तापमान रहा. सुबह से ही तीखी धूप लोगों को परेशान कर रही थी और गर्म हवाएं लोगों की परेशानी को और बढ़ा रही थी. उम्मीद थी कि सूरज ढलने के बाद कुछ राहत मिलेगी लेकिन शाम को भी वातावरण में तीखी धूप का असर होने से शाम को भी लोगों के पसीने छूटते रहे और नगरवासियों ने पूरा दिन कूलर व एसी की मदद से गुजारा. मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में भी राहत के कोई आसार नहीं है. मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि अगले सप्ताह से नवतपा की शुरूआत होगी जिसमें तापमान और अधिक बढ़ेगा.

**इस वर्ष टूट सकता है अधिकतम तापमान का रिकार्ड**

नगर का अब तक का सबसे अधिक तापमान 47.2 डिग्री दर्ज है जो मई 2016 में दर्ज किया गया था, तब से आज तक इससे अधिक तापमान नहीं रहा. इस वर्ष पिछले एक माह से नगरवासी जिस तरह की गर्मी का सामना कर रहे हैं और तापमान में उछाल आ रहा है उससे इस बात की संभावना है कि इस वर्ष नगर के अधिकतम तापमान का रिकार्ड टूट सकता है. क्योंकि मौसम विशेषज्ञ द्वारा नवतपा में तापमान में और अधिक उछाल आने की संभावना जताई जा रही है.मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि नौतपा जो 25 मई से 2 जून तक रहेगा उस दौरान गर्मी फिर बढ़ेगी और तापमान में उछाल आएगा. इसके बाद प्री मानसून की बारिश की शुरूआत हो सकती है.

# निपानिया के किसान ने यूट्यूब से सीखी औषधीय खेती

## इरानी अकरकरा की फसल से 150 दिन में कमाया 3 लाख मुनाफा

**मोहन बड़ोदिया, 18 मई. तहसील के ग्राम निपानिया के किसान विनोद पाटीदार ने पारंपरिक खेती से अलग रास्ता चुनकर औषधीय फसलों में सफलता की नई मिसाल पेश की है. महज एक बीघा जमीन में इरानी अकरकरा की खेती कर उन्होंने करीब 150 दिनों में 3 लाख रुपए से अधिक का शुद्ध मुनाफा कमाया है. उनकी यह सफलता अब आसपास के किसानों के लिए प्रेरणा बन रही है.**



किसान विनोद पाटीदार ने बताया कि मिनी स्प्रिंकलर सिस्टम से सिंचाई कर मैंने कम पानी में फसल तैयार की. करीब पांच महीने बाद तैयार हुई फसल का उत्पादन 1 से 2 क्विंटल तक मिला, जिसे नीमच मंडी में व्यापारियों ने लगभग डेढ़ लाख रुपए प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा. खास बात यह रही कि विनोद ने फसल की गुणवत्ता बनाए रखने पर भी ध्यान दिया. उन्होंने अकरकरा को बोरी में भरकर छांव में सुरक्षित रखा, जिससे उसकी चमक और औषधीय गुणवत्ता बनी रही. अभी भी फसल के फूलों की तुड़ाई जारी है, जिससे अतिरिक्त आय मिलने की संभावना बनी हुई है.

### बाजार की मांग को समझना जरूरी...

विनोद पाटीदार का कहना है कि खेती में प्रयोग और बाजार की मांग को समझना जरूरी है. वे पहले भी हरी मिर्च, टमाटर, कलौंजी, अजवाइन और सिया जैसी फसलों में अच्छा लाभ ले चुके हैं. वर्तमान में उनके खेत पर मक्का, धनिया और औषधीय फसलों के साथ अमरूद, जामुन, संतरा और आम के पौधे भी लगे हैं. वे अपनी सफलता का श्रेय पिता बाबूलाल पाटीदार के मार्गदर्शन को देते हैं. उनका मानना है कि छोटे किसान यदि पारंपरिक फसलों के साथ औषधीय और नकदी फसलों की ओर बढ़ें, तो कम जमीन और कम पानी में भी बेहतर आय हासिल कर सकते हैं.

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर मामला दर्ज

**शुजालपुर, 18 मई.** शहर के कालीमाता चौराहे पर नीट परीक्षा 2026 के कथित पेपर लीक तथा पेट्रोल-डीजल एवं सीएनजी के बढ़ते दामों के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए प्रदर्शन के मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंगल सिंह राठौर के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते हुए महंगाई का पुतला दहन किया. प्रदर्शन के दौरान चौराहे पर भीड़ एकत्र होने से आमजन का आवागमन प्रभावित हुआ. प्रकरण में अजय मोरटे, मनोहर जाटव, गौरव परमार, पीयूष शर्मा, मंगल सिंह राठौर, विष्णु शर्मा, सिद्दीक खान पठान एवं रईस पठान सहित अन्य को आरोपी बनाया गया है.

# गेहूं उपार्जन केंद्र पर किसानों का हंगामा

**पीएसीएस मोहना केंद्र प्रभारी से मारपीट**

**4 किसानों के खिलाफ मामला हुआ दर्ज**

**मोहन बड़ोदिया, 18 मई. मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र में पीएसीएस मोहना गेहूं उपार्जन केंद्र पर विवाद का मामला सामने आया है. सहकारी बैंक मोहना के प्रबंधक रमेश्वर इटावदिया की शिकायत पर पुलिस ने चार किसानों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है.**

पुलिस के अनुसार, एमपी डब्ल्यूएलसी वन गोदाम मोहन बड़ोदिया में गेहूं उपार्जन कार्य चल रहा था. शनिवार शाम करीब 5.30 बजे ग्राम मटेवा निवासी किसान रमेशचंद्र, चंदरसिंह, चतुर्भुज और वेदभूषण अपनी ट्रॉली लेकर केंद्र पहुंचे. वहां मौजूद सर्वेयर मोहन सिंह राजपूत ने ट्रॉली में मौजूद कचरा साफ करने के लिए किसानों को समझाईश दी. आरोप है कि किसानों ने ट्रॉली साफ किए बिना ही तुलाई कराने का प्रयास किया. उपार्जन केंद्र प्रभारी जसवंत आर्य द्वारा मना करने पर चारों किसानों ने विवाद शुरू कर दिया. शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने अश्लील गालियां देते हुए जसवंत आर्य के साथ मारपीट की. इसी दौरान चंदरसिंह ने लकड़ी निकालकर जसवंत के सिर पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें चोट आई और खून निकलने लगा. वहीं अन्य आरोपियों ने लात-घूंसों और थप्पड़ों से मारपीट की.

### जान से मारने की धमकी दी...

बीच बचाव करने पहुंचे कर्मचारियों को भी आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी. घटना के बाद घायल केंद्र प्रभारी को लेकर कर्मचारी थाने पहुंचे. जहां पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# महिलाओं के सम्मान में निकाली जन आक्रोश पदयात्रा

## मक्सी नगर में भाजपा महिला मोर्चा ने किया आयोजन, कांग्रेस की नीतियों का विरोध

**मक्सी, 18 मई. महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं अधिकारों को लेकर मक्सी नगर में भाजपा महिला मोर्चा एवं मातृशक्ति द्वारा विशाल जन आक्रोश पदयात्रा निकाली गई. पदयात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने महिलाओं के अधिकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस की नीतियों का विरोध किया तथा केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन किया.**



पदयात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया. इस दौरान महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए कहा कि नारी सम्मान और अधिकारों पर किसी प्रकार का आघात बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. पदयात्रा में महिला मोर्चा की पुष्पा भावसार, संगीता जैन, पूजा लोधी, रुक्मणी पाटीदार, राधा भावसार, गंगाबाई अरोल, सुरेखा जोशी, गिरजा सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही. कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने एकजुट होकर महिला सशक्तिकरण एवं समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का संकल्प लिया.

## एक नजर में

### दूसरे किसान के खेत में दर्जनों पेड़ सहित दो ट्रॉली लकड़ी और कंडे हुए स्वाहा

# प्रतिबंध के बाद भी रोल्याखेड़ी में जलाई नरवाई, लगी भीषण आग

**मोहन बड़ोदिया, 18 मई. ग्राम पंचायत मांगलिया अंतर्गत ग्राम रोल्याखेड़ी में नरवाई जलाने से लगी आग ने एक किसान को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा दिया. गांव के किसान कृपाल सिंह राजपूत की दो ट्रॉली लकड़ी, कंडे तथा खेत के आसपास लगे दर्जनों पेड़-पौधे आग की चपेट में आकर नष्ट हो गए. घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश और चिंता का माहौल बना हुआ है.**



जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम निपानिया के एक किसान द्वारा खेत में नरवाई जलाई जा रही थी. इसी दौरान तेज हवा चलने से आग ने अचानक विकराल रूप ले लिया और फैलते हुए कृपाल सिंह राजपूत के खेत तक पहुंच गई. देखते ही देखते खेत में रखी लकड़ी और गोबर के कंडों ने आग पकड़ ली. आग इतनी तेजी से फैली कि किसान और आसपास मौजूद ग्रामीण सामान को सुरक्षित नहीं निकाल सके. कुछ ही देर में पूरा सामान जलकर राख हो गया. किसान कृपाल सिंह राजपूत ने बताया कि बड़ी मेहनत से लकड़ी और गोबर के कंडे एकत्रित किए गए थे, जिनका उपयोग घरेलू कार्यों एवं अन्य जरूरतों के लिए किया जाना था. आग लगने से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है. इसके साथ ही खेत के आसपास लगे कई पेड़-पौधे भी आग की चपेट में आ गए, जिससे पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचा है.

**फायर ब्रिगेड की मांग...**

कृपाल सिंह राजपूत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि तहसील क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की सुविधा नहीं होने के कारण नुकसान और अधिक बढ़ गया. उन्होंने बताया कि यदि समय पर फायर ब्रिगेड पहुंच जाती, तो आग को जल्दी नियंत्रित किया जा सकता था और नुकसान कम होता. घटना के बाद ग्राम रोल्याखेड़ी के किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि मोहन बड़ोदिया क्षेत्र में स्थायी रूप से फायर ब्रिगेड की व्यवस्था की जाए, ताकि आग लगने जैसी घटनाओं में तुरंत राहत मिल सके.

### ....तो हो जाता बड़ा हादसा

घटना की जानकारी मिलते ही गांव के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया. ग्रामीणों ने पानी, मिट्टी तथा अन्य संसाधनों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की. काफी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका, लेकिन तब तक किसान का अधिकांश सामान जल चुका था. ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो आग आसपास के अन्य खेतों तक भी फैल सकती थी और बड़ा हादसा हो सकता था.

### नरवाई जलाने पर सख्ती के से लगे रोक

किसानों ने यह भी मांग की कि नरवाई जलाने पर सख्ती से रोक लगाई जाए और किसानों को इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाए. ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी के मौसम में खेतों में नरवाई जलाना बेहद खतरनाक साबित हो रहा है. थोड़ी सी लापरवाही किसानों की वर्षों की मेहनत को पलभर में राख कर सकती है. उन्होंने प्रशासन से क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाने एवं सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने की मांग की है.

### वार्ड 12 में पानी निकासी के लिए स्थाई व्यवस्था की मांग

**शुजालपुर, 18 मई.** शहर के वार्ड क्रमांक 12 स्थित तुलसीनगर क्षेत्र में घरों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी लंबे समय से अवरूद्ध हो गई थी, जिसके कारण नागरिक परेशान हो रहे थे. रहवासियों ने बताया कि तुलसीनगर में दीप्ति कॉन्वेंट विद्यालय के पीछे से निकलने मार्ग से सटी हुई भूमि में गंदे पानी की निकासी के लिए नाला परम्परागत रूप से बना हुआ था, जिसके माध्यम से कॉलोनी का पानी आगे की ओर चला जाता था, लेकिन कॉलोनी में भूखंड लगातार विक्रय होने के बाद एक स्थान पर मटेरियल डाले जाने से यह नाला अवरूद्ध हो गया था, जिसके कारण पिछले कुछ महीनों से गंदे पानी की निकासी बंद हो गई थी और गंदे पानी का फैलाव हो रहा था, जिससे बीमारी फैलने का भी अंदेशा था. इस संबंध में रहवासियों ने विभिन्न स्तर पर शिकायत की थी. जिसके बाद राजस्व विभाग व अन्य विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और नाले को अवरूद्ध करने वाले मटेरियल को हटवाया गया. आगामी वर्षाकॉल में यहां पर जलभराव की भी स्थिति बन सकती है.